01

# MEDIA COVERAGE
# JUNE, 2022

**01.06.2022**
**PEOPLE SAMACHAR**
**INDORE**

### आईएसबीटी के पास जमीन अधिग्रहित, यहां संचालित टोल नाका हटाया जाएगा

## दूसरे मेट्रो स्टेशन के लिए कुमेडी में स्थान तय

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के बहुप्रतीक्षित मेट्रो ट्रेन का काम तेजी से चल रहा है। साढ़े 31 किलोमीटर लंबे ट्रेन मार्ग के लिए दूसरा मुख्य स्टेशन कुमेड़ी में आईएसबीटी के पास बनेगा। इस प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहित कर ली गई है। यहां संचालित टोल नाके को भी हटाया जाएगा। दीपावली पर यह स्टेशन शुरू हो जाएगा। पहला स्टेशन सुपर कॉरिडोर स्थित दिलीप नगर में आकार ले रहा है। नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने इस प्रोजेक्ट के प्रथम चरण के काम की समयसीमा वर्ष 2023 तक की है।

### लवकुश चौराहा के पास स्टॉपेज

सुपर कॉरिडोर स्थित मुख्य स्टेशन से ट्रेन



चलकर लवकुश चौराहा पर रुकेगी। यहां स्टॉपेज के लिए शासकीय स्कूल की भूमि पर टिकट विंडो बनाया जा रहा है। इसके बाद दो किलोमीटर दूर आईएसबीटी पर स्टेशन रहेगा। स्टेशन पर उतरकर यात्री आईएसबीटी से संचालित होने वाली बस से गंतव्य जिलों, राज्यों तक जा सकेगा।

### निगम का चार्जिंग पाइंट भी

लवकुश चौराहा और एमआर 10 के बीच टोल नाका है। टोल नाका से 200 मीटर दूर आईएसबीटी आकार ले रहा है। आईएसबीटी का 60 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शेष काम अगले वर्ष तक पूरा होकर इसे बस संचालन के लिए खोल दिया जाएगा। स्टेशन के समीप टोल नाका को हटाकर यहां इलेक्ट्रिक बस का चार्जिंग पाइंट तैयार होगा। मेट्रो ट्रेन और बाहरी राज्यों से आकर इंदौर में घूमने वाले लोग इलेक्ट्रिक बस का मदद ले सकेंगे।

> मेट्रो ट्रेन का काम तेजी से चल रहा है। सबकुछ ठीक रहा तो दीपावली तक आईएसबीटी के पास स्टेशन का काम पूरा हो सकता है। सुपर कॉरिडोर से चलकर ट्रेन का यह दूसरा स्टेशन रहेगा।
>
> –प्रतिभा पाल,
> निगमायुक्त, इंदौर

**PATRIKA 02.06.2022**
**INDORE**

क्राइम अलर्ट एंकर

पहले चरण में बन रहे सात स्टेशन के काम ने पकड़ी गति

# ट्रैक के साथ ही आकार ले रहे आधुनिक मेट्रो स्टेशन, सोलर से होगा संचालन, यात्रियों को मिलेगी लास्ट माइल कनेक्टिविटी




पत्रिका

**मेट्रो मीटर**

14 माह 14 दिन शेष

**इंदौर @ पत्रिका.** विजय नगर व सुपर कॉरिडोर पर अत्याधुनिक मशीनों को काम करते देख लोग ठिठक जाते हैं। पूछने लगते हैं, मेट्रो में सफर का आनंद कब तक मिल जाएगा। मौजूद कर्मचारियों का जवाब होता है, जल्द ही मेट्रो पटरी पर आएगी। ट्रैक के साथ ही अत्याधुनिक मल्टी मॉडल इंटीग्रेटेड स्टेशन का निर्माण तेजी से चल रहा है। ऊर्जा हितैषी यह स्टेशन सोलर से चलेंगे और यहां सभी तरह के लोक परिवहन उपलब्ध रहेंगे।

शहर के पहले रिंग रूट एयरपोर्ट से एयरपोर्ट के बीच पहले चरण के प्रायरिटी कॉरिडोर का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। पहले फेज एमआर-10 से शहीद पार्क के बीच पीलर्स, ट्रैक दोनों नजर आने लगे हैं। इस ट्रैक के 100 पिलर आकार ले चुके हैं। निर्माण एजेंसी दिनरात काम कर रही है। साथ ही इस रूट के तीन स्टेशन का भी कार्य रेल विकास निगम ने शुरू कर दिया है। आइएसबीटी व मेघदूत पार्क के सामने स्टेशन आकार ले रहे हैं। निर्माण के लिए ट्रैक से अलग तैयारी नजर आ रही है। इनकी रचना ऐसे की जाएगी कि यात्रियों को स्टेशन से अपने घर तक जाने के लिए लास्ट माइल कनेक्टिविटी मिल सके।

## मॉल और शॉपिंग की भी सुविधा रहेगी

कुछ स्टेशन अत्याधुनिक होंगे। इनमें मॉल व शॉपिंग की सुविधाएं भी होंगी, जिससे लोग मेट्रो में सफर के साथ शॉपिंग भी कर सकें। सर्विस ऑफिस भी यहां खोलने की योजना है।

## मल्टी मॉडल इंटीग्रेटेड स्टेशन

जानकारी के अनुसार स्टेशन की रचना इस तरह की जा रही है, लोक परिवहन के विभिन्न तरीके एक जगह मिल सकें। स्टेशन पर बाइसिकल शेयरिंग की व्यवस्था रहेगी। ई-रिक्शा रहेंगे, जो आसपास के रूट पर चलेंगे। यहीं पर केबल कार के लिए भी व्यवस्था रहेगी। इसे बीआरटीएस के साथ भी इंटीग्रेट किया जा रहा है।

**NAI DUNIYA 03.06.2022**
**INDORE**

# मेट्रो रेल के लिए आया दूसरा लांचर विजय नगर में तेजी से होगा काम

**इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** नगर में मेट्रो रेल के काम में तेजी लाने के लिए अब सेगमेंट लांच करने के लिए दूसरा लांचर आ गया है। इससे विजय नगर क्षेत्र के पिलर पर सेगमेंट लगाए जाएंगे। अभी एमआर 10 इलाके में एक लांचर से पांच पिलर को सेगमेंट से जोड़ लिया गया है। मेट्रो रेल कंपनी के यार्ड में 600 सेगमेंट तैयार हैं।

मेट्रो रेल कंपनी के अधिकारियों के अनुसार नगर में करीब 80 पिलर तैयार किए जा चुके हैं। एमआर 10 पर पहले ग्राउंड सपोर्ट सिस्टम की मदद से सेगमेंट रखे जा रहे थे, लेकिन इसमें समय लगने के कारण लांचर बुलवाया गया। इससे पांच पिलर कवर किए जा चुके हैं। विजय नगर इलाके में भी इस तरह से सेगमेंट लांच करने के लिए लांचर आ गए हैं। अब इससे सेगमेंट लगाए जाएंगे। एमआर-10 टोल नाके से लेकर रोबोट चौराहे तक तक 181 पिलर तैयार किए जाने हैं। मेट्रो रेल स्टेशन का काम भी चल रहा है।

### दिखने लगेगा स्वरूप

अभी सुपर कारिडोर से रोबोट चौराहे तक मेट्रो रेल का काम चल रहा है। इसमें गांधी नगर में मेट्रो रेल डिपो बनाने का काम तो चल ही रहा है। पिलर बनाने का काम भी तेजी से चल रहा है। एमआर 10 पुल के यहां आइएसबीटी स्टेशन बन रहा है। वहीं पिलर पर सेगमेंट लगने से मेट्रो रेल का स्वरूप नजर आने लगेगा। हालांकि नगर के मध्य में मेट्रो रेल के स्वरूप को लेकर होने वाली बैठक अभी नहीं हो पाई है।

**DAINIK BHASKAR 05.06.2022**

**INDORE**

इंदौर 05-06-2022

दैनिक भास्कर | इंदौर

**हाईटेंशन की टेंशन खत्म** • डेडलाइन से एक माह पहले ही पहले चरण का काम पूरा

# मेट्रो की बड़ी बाधा दूर; 5.5 किमी की हाईटेंशन लाइन मोनो पोल पर शिफ्ट

भास्कर संवाददाता | इंदौर

इंदौर मेट्रो ट्रेन की बड़ी बाधा दूर हो गई है। पहले चरण के काम में बाधक करीब साढ़े पांच किलोमीटर की हाईटेंशन बिजली लाइन शिफ्टिंग का काम 30 जून की डेडलाइन से पहले ही पूरा हो गया है। 47 करोड़ रुपए की लागत से बापट चौराहे से खजराना के बीच 35 हाईटेंशन लाइन के टावर को हटा दिया गया और 38 आधुनिक मोनो पोल पर लाइन भी लगा दी गई है। हालांकि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को दूसरे चरण से जुड़ी लाइन शिफ्ट करने की जिम्मेदारी नहीं मिली है।

## एक ही पोल पर 132 और 220 केवी का सप्लाय

मेट्रो के लिए प्रदेश में पहली बार इंदौर में हाईटेंशन लाइन के लिए मोनो पोल का उपयोग हुआ है। 132 केवी और 220 केवी दोनों स्तर की बिजली एक ही पोल से सप्लाय हो सकती है। पहले दोनों के लिए अलग-अलग टावर लगाए जाते थे।



72 लाख रुपए है एक मोनो पोल की लागत

## 17 महीने में साढ़े 5 किमी काम

ट्रांसमिशन कंपनी के पीआरओ शशिकांत ओझा ने बताया, मेट्रो के पहले चरण की हाईटेंशन लाइन शिफ्ट करने के लिए 18 महीने का समय दिया गया था। बापट चौराहे से खजराना के बीच करीब साढ़े पांच किलोमीटर का काम 17 महीने में पूरा हुआ है। जनता को परेशानी न हो इसलिए लाइन शिफ्टिंग का काम रात-रात में किया गया। पुराने टावर लगाने में 10 बाय 15 मीटर जगह लगती थी, जबकि मोनो पोल आधे स्थान में लगे हैं। एक मोनो पोल की लागत करीब 72 लाख है, जबकि पुराने टावर की लागत 21 लाख रुपए है।

## 48 से 54 मीटर ऊंचे पोल लगने से करीब 7 लाख को फायदा मिलेगा

ओझा के मुताबिक बापट चौराहे से खजराना के बीच दर्जनों कॉलोनियों के बीच से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को मोनो पोल पर शिफ्ट किया है। 48 से 54 मीटर ऊंचे पोल लगने से इन क्षेत्रों के करीब 7 लाख को फायदा मिलेगा। पुराने टावर की ऊंचाई कम होने से कई मकानों के ऊपर से लाइन गुजर रही थी, जिसके खतरा था।

05

**NAI DUNIYA 10.06.2022**

**INDORE**

# नजर आने लगा मेट्रो रेल लाइन का आकार



इंदौर के एमआर 10 पर कुछ खंभों पर सेगमेंट लगाने के बाद मेट्रो रेल लाइन का आकार नजर आने लगा है। यहां मशीन के जरिये खंभों पर सेगमेंट लगाने का काम तेजी से जारी है। • **राजू पवार**

06

**FREE PRESS 10.06.2022**

**INDORE**

WORK ON METRO RAILWAY SPEEDING UP...

# Concrete pillars now visible between MR-10 and Meghdoot Garden

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

Work on the Metro Railway in the city is speeding up as the project gets closer to its deadline. Now, the concrete pillars of the Metro are visible from MR 10 to Meghdoot Garden-a distance of four kilometres. Officials said that many rotaries are coming in the way of the construction of the Metro and the rotaries are either being shortened or being removed. Iron rods and pillars have been placed till Radisson Square and soil testing is also going on till Robot Square. On the route of the Metro near MR 10, the company has also started installing pier caps on the pillars and many parts of the pillars in the area have been joined with the slabs on which the Metro train tracks will be installed in the coming days.



## WORK ON ONE PART OF METRO TRACKS SLOW

Metro work is also going on from MR 10 to the Gandhi Nagar tracks where development seems a bit slow compared to that going on from MR 10 to Robot Square

## LAUNCHER WORK NEAR RADISSON SQUARE

Segment launching work has also started near Radisson Square where the slabs will be connected; here, too, the Metro tracks will take shape and get ready for track installation

**DAINIK BHASKAR 10.06.2022**

**INDORE**

दैनिक भास्कर इंदौर 10-06-2022

# मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्टः स्टेशन भी लेने लगे आकार

इंदौर | एमआर-10 पर मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट का काम रफ्तार से चल रहा है। पिलर के साथ स्टेशन भी आकार लेने लगे हैं। पहले चरण में गांधी नगर से रिंगरोड के रोबोट चौराहे तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सितंबर 2023 की डेडलाइन तय की है। यह हिस्सा 17.5 किमी लंबा है।

- प्रोजेक्ट के अफसरों का दावा है कि 30 फीसदी काम हो चुका है
- मेट्रो में बनने वाले स्टेशन मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन पर आधारित होंगे
- मेट्रो के 31.55 किमी हिस्से में 29 स्टेशन बनेंगे
- 23 स्टेशन एलिवेटेड, 6 स्टेशन अंडर ग्राउंड बनेंगे

फोटो : ओपी सोनी



08

**PATRIKA- 12.06.2022**

**INDORE**

# मेट्रो की राह आसान




**इंदौर.** विजय नगर चौराहे पर प्रतिमा हटने के बाद अब वहां के पेड़ों को भी हटा दिया गया है। इसके बाद अब मेट्रो की राह आसान हो गई है। यहां ट्रैक निर्माण का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

09

**PATRIKA-14.06.2022**

**INDORE**

## ट्रैक की ओरिजनल तस्वीर पहली बार देखें पत्रिका में, स्टेशन भी लेने लगे हैं आकार



# मेट्रो के ट्रैक पर होने लगी पटरी डालने की तैयारी



इंदौर. शहर में मेट्रो का काम जिस तेजी से हो रहा है, उससे भरोसा किया जा सकता है कि विधानसभा चुनाव-2023 से पहले सरकार का दावा हकीकत में बदल जाएगा। प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सुपर कॉरिडोर गांधी नगर से शहीद पार्क तक मेट्रो की छुक-छुक सुनाई देगी।

पहली बार पत्रिका द्वारा आकार ले रहे ट्रैक पर पटरियां बिछाने की तैयारियां बताई जा रही हैं। यह ट्रैक आइएसबीटी व एमआर-10 पुल के बीच आकार ले रहा है। इस पर पटरी डालने का आधार तैयार हो रहा है।

कॉर्पोरेशन द्वारा प्रायोरिटी कॉरिडोर के पहले चरण आइएसबीटी से शहीद पार्क तक करीब 5.31 किमी का ट्रैक आकार ले रहा है। यहां पर वायडक्ट बनाने व स्टेशन निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। पिलर्स के साथ ही गर्डर लांच करके अब ट्रैक का आधार तैयार कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, कॉर्पोरेशन ने वायडक्ट का सिविल वर्क तेजी से होते देख, पटरियां बिछाने के लिए भी टेंडर जारी कर दिए हैं। अन्य प्रक्रिया विचाराधीन है। इस हिस्से में वायडक्ट बनाने का कार्य दिलीप बिल्डकॉन व रेल विकास निगम स्टेशन बनाने का कार्य कर रही है। इस ट्रैक के आधे से ज्यादा हिस्सा बन कर तैयार हो गए हैं। यह कार्य विजय नगर चौराहे तक पहुंच चुका है।

**TIMES OF INDIA-16.06.2022**

**INDORE**

# ON RIGHT TRACK IN SWACHH CITY



Pravin Barnale

Work for Metro rail going in full swing in Indore